# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2016/347 दिनांक 09/01/2016

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी.(होम साइंस) पंचम सेमेस्टर (नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व/एटीकेटी (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) परीक्षा दिसम्बर 2015 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

| विवरण | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | बी.ए. | बी.कॉम. | बीएससी. (होमसाइंस) |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | **16-01-2016** | **16-01-2016** | **16-01-2016** |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | **725/-** | **725/-** | **1225/-** |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | **1025/-** | **1025/-** | **1525/-** |
| | नियमित/ असंस्थागत–एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क | **460/-** प्रति विषय | **460/-** प्रति विषय | **460/-** प्रति विषय |
| | असंस्थागत छात्र का परीक्षा शुल्क | 1150/– | 1150/– | 1650/– |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 18.01.2016 | 18.01.2016 | 18.01.2016 |
| परीक्षा आवेदन पत्र जाँच उपरांत परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | तिथि **20.01.2016** | | | |

**नोट–**‘परीक्षा फार्म अपडेट’ तय तिथि में ही कर विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। तय तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् बेवसाईट को बन्द कर

दिया जावेगा। तत्पश्चात् किसी भी स्थिति में महाविद्यालय परीक्षा फार्म को अपडेट नहीं कर पायेगें, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या की होगी।

| |
|---|
| नोटः– उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित 60/– रूपये, भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। समस्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें 110/– की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से लिया जावेगा। |
| *** ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र–छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/– की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी। |

विशेषदिशा–निर्देशः–

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindiaपर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. महाविद्यालय के प्राचार्य/कम्प्यूटर प्रभारी परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय परीक्षार्थी का नाम/पिता का नाम/माता का नाम एवं अन्य सभी जानकारियां सही–सहीं अपडेट करें। प्रायः देखने में आ रहा है कि परीक्षार्थियों के नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग संबंधी त्रुटियां रह जाती है, इस कारण परीक्षार्थी को अंकसूची में संशोधन कराना पड़ता है। यदि परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय को दी जाने वाली अग्रेषण शुल्क की राशि नहीं दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/अग्रेषणकर्त्ता की होगी।
3. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषय–समूह के अनुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करें।
4. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।
5. यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन–पत्र कॉलजे लॉगिन पर ऑनलाइन नहीं भेजा गया है तो ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर यूजर्स **NEW EXAM FORM** आप्सन का उपयोग कर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरें और चालान फार्म एवं परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर छात्रों को वितरित करें। यदि परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि के उपरांत चालान फार्म में विलंब शुल्क जुड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधी परीक्षार्थी/महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

6. प्रायः देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा जब भी ए.टी.के.टी. **(A.T.K.T.)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि घोषित की जाती है, उसी समय से छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस **(Fees)** संबंधी समस्या बढ़ जाती है। इसी समस्या समाधान के समाधान के लिये विश्वविद्यालय द्वारा एक नवीन ऑप्सन **Update Subject & Category** को प्रारम्भ किया गया था, जिसमें परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में फीस संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सकेः–

(i)सर्वप्रथम, ए.टी.के.टी. **(ATKT)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करने से पूर्व कम्प्यूटर यूजर्स **Update Subject & Category**ऑप्सन में जाकर समस्त छात्रों का **STATUS – – B.P.** कर दें और परीक्षा आवेदन–पत्र में दर्शाये गये विषय **(SUBJECT)** चैक कर लें, कि कहीं छात्र के पेपरों के नाम गलत तो नहीं आ रहे हैं और यदि गलत आ रहे हैं तो पेपरों के नाम छात्र की अकंसूची देखकर सही अपडेट कर दें। उसके उपरांत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र **Print Exam Form** ऑप्सन से प्रिन्ट निकालें और छात्रों को वितरित करें। ऐसा करने से फीस **(Fees)** संबंधी समस्या का समाधान हो जायेगा।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप –कुलसचिव (परीक्षा)